वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1 - सामाजिक विकास को प्रभावित करने वाले कारक है -

(a) वंशानुक्रम

(b) परिवार का वातावरण

(c) परिवार की सामाजिक स्थिति

(d) उपरोक्त सभी

उत्तर - उपरोक्त सभी

प्रश्न 2 - छोटा शिशु खिलौनों तथा अन्य वस्तुओं को फेंककर उसके भागों को अलग करके किस भाव को दर्शाता है-

(a) परनिर्भरता

(b) स्वप्रेम की भावना

(c) जिज्ञासा प्रवृति

(d) दोहराने की प्रवृत्ति

उत्तर - जिज्ञासा प्रवत्ति

प्रश्न 3- स्फूर्ति अवस्था कहा जाता है-

(a) शैशवावस्था

(b) किशोरावस्था

(c) प्रौढ़ावस्था

(d) बाल्यावस्था

उत्तर - बाल्यावस्था

प्रश्न 4 - उत्तेजना भाग है-

(a) सामाजिक विकास का

(b) शारीरिक विकास का

(c) संवेगात्मक विकास का

(d) मानसिक विकास का

उत्तर - संवेगात्मक विकास

प्रश्न 5 - शैशवावस्था की मुख्य विशेषता नही है-

(a) सीखने की प्रक्रिया में तीव्रता

(b) जिज्ञासा की प्रवृति

(c) अनुकरण द्वारा सीखने की प्रवृत्ति

(d) चिंतन प्रक्रिया

उत्तर - चिंतन प्रक्रिया

प्रश्न 6 - संवेगात्मक विकास में किस अवस्था में सबसे कम परिवर्तन होता है ?

(a) प्रौढ़ावस्था

(b) युवावस्था

(c) किशोरावस्था

(d) शैशवावस्था

उत्तर- शैशवावस्था

प्रश्न 7- निम्न में से कौन - सा संवेग बालक में जन्मजात होता है ?

(a) भय

(b) प्रेम

(c) क्रोध

(d) उपरोक्त सभी

उत्तर- उपरोक्त सभी

प्रश्न 8- समाजीकरण की प्रक्रिया में शामिल नहीं है -

(a) आनुवांशिक संचरण

(b) एक संस्कृति की रीतियों और मानदंडों को सीखना

(c) कौशलों का अर्जन

(d) मूल्यों और विश्वासों का अर्जन

उत्तर : आनुवांशिक संचरण

प्रश्न 9 - संवेग शब्द का शाब्दिक अर्थ है-

(a) क्रोध तथा भय

(b) उत्तेजना या भावों में उथल पुथल

(c) स्नेह एवं प्रेम

(d) वातावरण में समायोजन

उत्तर : उत्तेजना या भावों में उथल पुथल

प्रश्न 10- समाजीकरण एक प्रक्रिया है-

(a) मूल्यों, विश्वासों तथा अपेक्षाओं को अर्जित करने की

(b) मित्रों के साथ सामाजिक बनने की

(c) घुलने मिलने तथा समायोजन की

(d) एक समाज की संस्कृति की आलोचना करना सीखने की

उत्तर : मूल्यों, विश्वासों तथा अपेक्षाओं को अर्जित करने

प्रश्न 11- बालक को सामाजिक व्यवहार की शिक्षा दी जा सकती है?

(a) पाठ्यक्रम से

(b) अनुकरण सेन

(c) नाटक व अभिनय से

(d) विभिन्न सामाजिक क्रियाओ से

उत्तर : विभिन्न सामाजिक क्रियाओ से

प्रश्न 12 - सामाजिक एवं संवेगात्मक विकास साथ-साथ चलता है।" यह कथन है-

(a) हॉल का

(b) स्किनर का

(c) क्रो एंड क्रो का

(d) स्ट्रिंग का

उत्तर : क्रो एंड क्रो का

============================